आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री – शहीद दिवस–

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सैनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर लोहिया ने अपना जीवन वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खात्मे के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया है। शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आज आयोजित "शिमला अगेंस्ट ड्रग्स" संगोष्ठि में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल से नशे का खात्मा ज़रूरी है और युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत सभी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अब घर–घर में चर्चा शुरू हो गई है और युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ जागरूक करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि लोग हिमाचल बचाओ–नशा भगाओ के नारे को सार्थक करते नज़र आ रहे हैं जो प्रसन्नता का विषय है।

हरित ऊर्जा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कल देर शाम नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से डॉक्टर मनमोहन सिंह राज्य लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा में समृद्ध हिमाचल–2045 तीन दिवसीय भौतिक विचार मंथन अभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगोष्ठियों व चर्चाओं के माध्यम से प्रदेश के सतत् आर्थिक विकास में 20 वर्षीय कार्य योजना तैयार करना है। उन्होंने बताया कि अगले वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने ग्रामीण

अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, ऊर्जा क्षेत्र के विकास, पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन और शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र की अधोसंरचना पर ध्यान केन्द्रित किया है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का अर्थ आत्मनिर्भर हिमाचल बनने की ओर अग्रसर होना है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र के दौरान अध्यापकों के तबादले बंद करने का निर्णय लिया है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने आज शिमला ज़िले में राजकीय महाविद्यालय ठियोग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सरकार के कड़े निर्णयों से भविष्य में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है और कॉलेजों में प्राचार्यों के एक सौ रिक्त पद पदोन्नति के माध्यम से भरे गए हैं। इसके अलावा 4 सौ 84 सहायक प्रोफैसर की भर्ती की जा चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 9 हज़ार 8 सौ 50 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया है जो कुल बजट का लगभग 17 फीसदी है। रोहित ठाकुर ने कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी बांटे।

शांडिल

स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि महिलाओं को उन्नत व आर्थिक रूप से संपन्न बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन ज़िले के कण्डाघाट में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी सुख शिक्षा और इंदिरा गांधी प्यारी बहना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। धनीराम शांडिल ने इस मौके पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।

..............................